वेबसाईट : www.abvp.org
पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 19 जनवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

खिलाड़ी देश का गौरव, उचित मांगों पर हो शीघ्र विचार : अभाविप।

खिलाड़ी, देश का गौरव तथा मान होते हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों की उचित मांगों तथा समस्याओं पर सरकार से उच्च स्तरीय समिति गठित कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग करती है।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "ओलंपिक तथा कॉमनवेल्थ खेलों आदि में देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों की समस्याओं तथा मांगों पर सरकार को शीघ्र निर्णय लेना होगा। दिल्ली में हुए खिलाड़ियों के प्रदर्शन से जो मुद्दे सामने आ रहे हैं, उन पर सरकार को जांच कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए तथा तथ्यों के आधार पर खिलाड़ियों के हित में कदम उठाए जाएं। बीते समय में अलग-अलग खेल निकायों पर प्रश्न खड़े हुए हैं जो कि आदर्श स्थिति नहीं है। भारत सरकार तथा खेल मंत्रालय उपर्युक्त विषयों पर गंभीरता से विचार कर निर्णय ले, जिससे खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो तथा वे पूरी शक्ति से अच्छा खेल सकें।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)